राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली एवं राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर तत्वाधान में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत

(बैंच संख्या 03)

राजस्व प्रार्थना पत्र संख्याः– 27 / 2021

प्रार्थीः–

1. श्रीमती पप्पु कंवर पत्नी स्व. श्री नैनसिंह
2. भंवरसिंह पुत्र स्व. श्री नैनसिंह
3. मूलसिंह पुत्र स्व. श्री नैनसिंह
4. समन्दरसिंह पुत्र स्व. श्री नैनसिंह
5. सवाईसिंह पुत्र स्व. श्री नैनसिंह

सभी जातियान् रावणा राजपूत, निवासीगण ग्राम हरढ़ाणी, तहसील बावड़ी, जिला जोधुपर।

अप्रार्थीः– भूमिधारी तहसीलदार बावड़ी, जिला जोधपुर।

प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 136 एल.आर.एक्ट.

अवार्ड :–

दिनांकः– 12.03.2022

प्रार्थी ने जरिये अधिवक्ता एक प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 136 भू–राजस्व अधिनियम के अन्तर्गत प्रस्तुत किया कि ग्राम हरढ़ाणी तहसील बावड़ी की राजस्व सीमा में प्रार्थी की कृषि भूमि मौजा हरढ़ाणी के खसरा संख्या क्रमशः.16 / 3 रकबा 2.4270 है. बारानी प्रथम, खसरा संख्या 16 / 5 रकबा 0.3236 है., खसरा संख्या 85 रकबा 2.0630 है. तथा ग्राम अणवाणा में खसरा संख्या 473 / 1 रकबा 0.4450 में भूमि आयी हुई है। जिसमें ग्राम हरढ़ाणी की संलग्न जमाबन्दी सम्वत् 2073 से 2076 व ग्राम अणवाणा की संलग्न जमाबन्दी संवत् 2074 से 2077 की प्रमाणित प्रति पेश की है। जिसमें प्रार्थी के पिता का नाम लिपीकीय त्रुटि वंश नैनसिंह की जगह नैनाराम दर्ज हो गया था। प्रार्थना पत्र के साक्ष्य के रूप में आधार कार्ड, मतदाता पहचान पत्र, प्रस्तुत किये गये। सह खातेदारों के सहमति प्रदान की। तहसीलदार बावड़ी से रिपोर्ट प्राप्त हुई जिसमें प्रार्थी के पिता का नाम नैनाराम की जगह नैनसिंह की अनुशंषा की गई। जो शामिल मिसल की गई। पत्रावली की ध्यानपूर्वक अवलोकन किया एवं राष्ट्रीय लोक अदालत की भावना से एवं तहसीलदार बावड़ी की रिपोर्ट अनुसार प्रार्थी के पिता का नाम

Signature Not Verified
Digitally signed by Sumitra Pareek
Date: 2022.04.27 18:55:36 IST
Reason: SelfAttested

Scanned with CamScanner

नैनाराम की जगह नैनसिंह ग्राम हरढ़ाणी तहसील बावड़ी की राजस्व सीमा में प्रार्थी की कृषि भूमि मौजा हरढ़ाणी के खसरा संख्या क्रमशः.16/3 रकबा 2.4270 है. बारानी प्रथम, खसरा संख्या 16/5 रकबा 0.3236 है., खसरा संख्या 85 रकबा 2.0630 है. तथा ग्राम अणवाणा में खसरा संख्या 473/1 रकबा 0.4450 में भूमि में राजस्व रेकर्ड में दुरस्ती के आदेश दिये जाते है। तहसीलदार बावड़ी को पालनार्थ तहरीर जारी हो। ~~निर्णय~~ अवार्ड आज राष्ट्रीय लोक अदालत 2022 में मजमे–आम सुनाया गया । पत्रावली फैसल शुमार होकर दाखिल दफ्तर हो।

हस्ताक्षर
(प्रार्थी)

हस्ताक्षर 12.3.2022
(अप्रार्थी)

सदस्य
राष्ट्रीय लोक अदालत

सदस्य
राष्ट्रीय लोक अदालत 12.03.22

Signature Not Verified

Digitally signed by Sumitra Pareek
Date: 2022.04.27 18:55:36 IST
Reason: SelfAttested

Scanned with CamScanner